बिहार बोर्ड

QUESTION PAPER

BIHAR SCHOOL EXAMINATION BOARD

Download PDF

BIHAR • EXAINATION BOARD • PREVIOUS YEAR • QUESTION PAPER • PDF • DOWNLOAD

12TH CLASS	**INTER** Examination
YEAR **2024**	Previous Year **QUESTION PAPER**

View For Free. Download PDF Online at aglasem.com

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : **706-**

विषय कोड :
Subject Code : **321**

CLASS - XI ANNUAL EXAMINATION – 2024
कक्षा – XI वार्षिक परीक्षा – 2024

HISTORY (ELECTIVE)
इतिहास (ऐच्छिक)

I. A.

कुल प्रश्न : 100 + 30 + 8 = 138 | कुल मुद्रित पृष्ठ : 24

Total Questions : 100 + 30 + 8 = 138 | **Total Printed Pages : 24**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट) | (पूर्णांक : 100)

[Time : 3 Hours 15 Minutes] | [Full Marks : 100]

परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*

Instructions for the candidates :

1. ***Candidate must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*
5. *This question booklet is divided into two sections — **Section-A** and **Section-B**.*

XI ANNUAL EXAM-2024

6. **खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं,** जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन** से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**

6. **In Section-A, there are 100 objective type questions,** out of which **any 50 questions are to be answered**. If more than 50 questions are answered, then only first 50 will be evaluated. Each question carries **1 mark**. For answering these darken the circle with **blue / black ball pen** against the correct option on **OMR** Answer Sheet provided to you. **Do not use whitener / liquid / blade / nail etc. on OMR Answer Sheet, otherwise the result will be treated invalid.**

7. **खण्ड - ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं ।** प्रत्येक के लिए **2 अंक** निर्धारित है, जिनमें से **किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं ।** इनके अतिरिक्त इस खण्ड में **8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं,** प्रत्येक के लिए **5 अंक** निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं **4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**

7. In **Section-B**, there are **30 short answer type questions**, each carrying **2 marks**, out of which **any 15 questions are to be answered**. Apart from these, there are **8 long answer type questions**, each carrying **5 marks**, out of which any **4 questions are to be answered**.

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

8. Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

खण्ड - अ / SECTION - A

वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है । आपको 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना है । अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें । **50 × 1 = 50**

Question Nos. 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. Out of 100 questions any 50 questions are to be answered. You have to mark, your selected option, on the OMR sheet. *50 × 1 = 50*

1. सामंतवाद का विकास इंग्लैण्ड में कब हुआ ?

(A) 8वीं सदी (B) 9वीं सदी

(C) 10वीं सदी (D) 11वीं सदी

When did Feudalism develop in England ?

(A) 8th Century (B) 9th Century

(C) 10th Century (D) 11th Century

2. रोमन चर्च का प्रधान कौन था ?

(A) फ्रायर (B) बिशप

(C) पादरी (D) पोप

Who was the head of Roman Church ?

(A) Friar (B) Bishop

(C) Clergy (D) Pope

3. गुलाबों की लड़ाइयाँ कहाँ हुईं ?

(A) रूस (B) इंग्लैण्ड

(C) जर्मनी (D) फ्रांस

Where did the wars of the Roses take place ?

(A) Russia (B) England

(C) Germany (D) France

4. एस्टेट्स जनरल का संबंध है

(A) फ्रांस से (B) जर्मनी से

(C) इंग्लैण्ड से (D) स्पेन से

Estates General is related to

(A) France (B) Germany

(C) England (D) Spain

5. चर्च द्वारा कृषकों से उपज का कितना भाग 'टीथ' के रूप में लिया जाता था ?

(A) 1/5वां (B) 1/6वां

(C) 1/8वां (D) 1/10वां

What portion of the produce was taken by the church from the peasants as 'Tithe' ?

(A) 1/5th (B) 1/6th

(C) 1/8th (D) 1/10th

6. ऑरनॉल्ड टॉयनबी का संबंध किस देश से है ?

(A) जर्मनी (B) ब्रिटेन

(C) फ्रांस (D) ऑस्ट्रेलिया

Arnold Toynbee belongs to which country ?

(A) Germany (B) Britain

(C) France (D) Australia

7. निम्न में से कौन विश्व का पहला औद्योगिक राष्ट्र है ?

(A) फ्रांस (B) रूस

(C) जर्मनी (D) ब्रिटेन

Which of the following is the world's first industrialized nation ?

(A) France (B) Russia

(C) Germany (D) Britain

8. इंग्लैण्ड में 'कृषि-क्रांति' कब हुई ?

(A) 17वीं सदी (B) 18वीं सदी

(C) 19वीं सदी (D) 20वीं सदी

When did the 'agricultural revolution' take place in England ?

(A) 17th Century (B) 18th Century

(C) 19th Century (D) 20th Century

9. एडवर्ड कारपेंटर कौन था ?

(A) अभियंता (B) कवि

(C) बढ़ई (D) चिकित्सक

Who was Edward Carpenter ?

(A) Engineer (B) Poet

(C) Carpenter (D) Doctor

10. इंग्लैण्ड में सोसाइटी ऑफ आर्ट्स की स्थापना कब हुई ?

(A) 1700 (B) 1740

(C) 1754 (D) 1800

When was the Society of Arts established in England ?

(A) 1700 (B) 1740

(C) 1754 (D) 1800

11. दस घंटे का अधिनियम कब पारित किया गया था ?

(A) 1800 (B) 1847

(C) 1860 (D) 1875

When was Ten Hours Act passed ?

(A) 1800 (B) 1847

(C) 1860 (D) 1875

12. नौ वर्ष से कम की आयु वाले बच्चों से फैक्ट्री में काम करवाने पर पाबंदी कब लगाई गई ?

(A) 1750 (B) 1819

(C) 1825 (D) 1850

When was the ban imposed on children of working age less than nine years to work in factories ?

(A) 1750 (B) 1819

(C) 1825 (D) 1850

13. ब्रिटेन में 'प्रथम औद्योगिक क्रांति' कब हुई ?

(A) 1780-1850 (B) 1700-1750

(C) 1850-1860 (D) 1860-1900

When did the 'First Industrial Revolution' take place in Britain ?

(A) 1780-1850 (B) 1700-1750

(C) 1850-1860 (D) 1860-1900

14. धमन भट्ठी का आविष्कार कब हुआ ?

(A) 1650 (B) 1700

(C) 1709 (D) 1750

When was the Blast furnace invented ?

(A) 1650 (B) 1700

(C) 1709 (D) 1750

15. भाप की शक्ति का इस्तेमाल सर्वप्रथम किस उद्योग में किया गया ?

(A) चीनी (B) कपड़ा

(C) इस्पात (D) खनन

In which industry was the power of steam first used ?

(A) Sugar (B) Textile

(C) Steel (D) Mining

16. 1761 में 'वर्सली कैनाल' का निर्माण कहाँ हुआ ?

(A) जर्मनी (B) जापान

(C) फ्रांस (D) इंग्लैण्ड

Where was the 'Worsley Canal' built in 1761 ?

(A) Germany (B) Japan

(C) France (D) England

17. रॉकेट रेल इंजन का आविष्कार किसने किया ?

(A) जेम्स वाट (B) थामस सेवरी

(C) जेम्स ब्रिंडली (D) राबर्ट स्टीफेन्सन

Who invented the Rocket train engine ?

(A) James Watt (B) Thomas Savery

(C) James Brindley (D) Robert Stephenson

18. बैंक ऑफ इंग्लैण्ड कब स्थापित हुआ ?

(A) 1600 (B) 1650

(C) 1680 (D) 1694

When was the Bank of England established ?

(A) 1600 (B) 1650

(C) 1680 (D) 1694

19. 'उजड़ा गाँव' कविता किसकी रचना है ?

(A) विक्टर हुगो (B) ओलिवर गोल्डस्मिथ

(C) विलियम शेक्सपियर (D) जेफ़री चौसर

Who composed the poem, 'The Deserted Village' ?

(A) Victor Hugo (B) Oliver Goldsmith

(C) William Shakespeare (D) Geoffrey Chaucer

20. 17वीं सदी में इंग्लैण्ड कहाँ से सूती कपड़े का आयात करता था ?

(A) अमेरिका (B) दक्षिण अफ्रीका

(C) भारत (D) रूस

From where did England import cotton cloth in the 17th Century ?

(A) America (B) South Africa

(C) India (D) Russia

21. चंगेज़ खान द्वारा चीन पर आक्रमण करने के समय वहाँ का शासक कौन था ?

(A) शुंग राजवंश (B) जरचेन लोगों के चीन राजवंश

(C) तिब्बती मूल के सी-सीआ लोग (D) इनमें से सभी

Who was the ruler of China when Ghenghis Khan attacked it ?

(A) Sung dynasty

(B) Chin dynasty of Jarchen people

(C) Hsi Hsia People of Tibetan origin

(D) All of these

22. कुबलई खान के दरबार में कौन यूरोपीय आया था ?

(A) राजा जॉन (B) मार्को पोलो

(C) पोप (D) लियोनार्दो द विंची

Which European came to Kublai Khan's court ?

(A) King John (B) Marco Polo

(C) The Pope (D) Leonardo da Vinci

23. ईरान में इल-खानी राज्य की स्थापना किसने की ?

(A) बाटू (B) हुलेगु

(C) गुयूक (D) मौंगके

Who established the Il-Khanid state in Iran ?

(A) Batu (B) Hulegu

(C) Guyuk (D) Mongke

24. चंगेज़ खान की सेना को किस आधार पर संगठित किया गया था ?

(A) जनजातीय समूह (B) रिश्तेदारी

(C) दशमलव इकाइयाँ (D) वंश

On what basis was Ghenghis Khan's army organised ?

(A) Tribal groups (B) Kinship

(C) Decimal units (D) Clan

25. यास क्या था ?

(A) संगठन (B) कर

(C) नियम संहिता (D) घर

What was Yasa ?

(A) Organisation (B) Tax

(C) Code of rules (D) House

26. रेडियो कार्बन डेटिंग तकनीक का उपयोग किसकी आयु का अनुमान लगाने के लिये वि जाता है ?

(A) जीवाश्म (B) मिट्टी

(C) पत्थर (D) इमारत

Radio Carbon dating technique is used to estimate the age of

(A) Fossil (B) Soil

(C) Stone (D) Building

27. हम्मूराबी कहाँ का शासक था ?

(A) चीन (B) बेबीलोनिया

(C) असीरिया (D) सुमेर

Hammurabi was the ruler of

(A) China (B) Babylonia

(C) Assyria (D) Sumer

28. मेसोपोटामिया की प्राचीनतम लिपि क्या कहलाती है ?

(A) चित्रलिपि (B) खरोष्ठी लिपि

(C) ब्राह्मी लिपि (D) कीलाकार लिपि

What is the oldest script of Mesopotamia called ?

(A) Picture Script (B) Kharoshthi Script

(C) Brahmi Script (D) Cuneiform Script

29. सूर्य को मेसोपोटामिया में किस नाम से पूजा जाता था ?

(A) एनलिल (B) शमश

(C) ईश्तर (D) अनु

By which name was the sun worshipped in Mesopotamia ?

(A) Enlil (B) Shamash

(C) Ishtar (D) Anu

30. चीन के महान दीवार का निर्माण किस शासक ने किया ?

(A) वेन सी (B) चेन

(C) फुहसी (D) किन शी हुआंग

Which ruler built the Great Wall of China ?

(A) Van Si (B) Chen

(C) Fuhsi (D) Qin Shi Huang

31. इतिहास का जनक किसे कहा जाता है ?

(A) अरस्तू (B) हेरोडोटस

(C) प्लिनी (D) प्लेटो

Who is called the Father of History ?

(A) Aristotle (B) Herodotus

(C) Pliny (D) Plato

32. रोम नगर की स्थापना किसने की ?

(A) ऑगस्टस (B) नूमा पोम्पीलियस

(C) जुलियस सीजर (D) रोमुलस और रेमुस

Who founded the city of Rome ?

(A) Augustus (B) Numa Pompilius

(C) Julius Caesar (D) Romulus and Remus

33. कुम्हार का चाक किस सभ्यता की देन है ?

(A) रोम (B) चीन

(C) यूनान (D) मेसोपोटामिया

The potter's wheel is the gift of which civilization ?

(A) Rome (B) China

(C) Greece (D) Mesopotamia

34. 'द रिपब्लिक' किसकी रचना है ?

(A) कन्फ्यूशियस (B) अरस्तू

(C) सुकरात (D) प्लेटो

Whose creation is 'The Republic' ?

(A) Confucius (B) Aristotle

(C) Socrates (D) Plato

35. प्यूनिक युद्ध किनके बीच हुआ ?

(A) रोम और मिस्र (B) रोम और कार्थेज

(C) कार्थेज और यूनान (D) रोम और यूनान

Between whom did the Punic War take place ?

(A) Rome and Egypt (B) Rome and Carthage

(C) Carthage and Greece (D) Rome and Greece

36. ब्रिटेन में औद्योगीकरण का कारण क्या था ?

(A) मजदूरों की उपलब्धता (B) आवश्यक ऋण-राशि

(C) अच्छी परिवहन व्यवस्था (D) इनमें से सभी

What caused industrialization in Britain ?

(A) Availability of labours

(B) Required loan amount

(C) Good transportation system

(D) All of these

37. कैनबरा किस देश की राजधानी है ?

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) न्यूजीलैंड

(C) कनाडा (D) फ्रांस

Canberra is the capital of which country ?

(A) Australia (B) New Zealand

(C) Canada (D) France

38. बेलन मिल इंजन का आविष्कारक कौन था ?

(A) जॉन विल्किन्सन (B) रिचर्ड आर्कराइट

(C) जान के (D) हेनरी कोर्ट

Who was the inventor of rolling mill engine ?

(A) John Wilkinson (B) Richard Arkwright

(C) John Kay (D) Henry Cort

39. विश्व में पहला लोहे का पुल किस नदी पर बनाया गया ?

(A) ट्रेंट (B) थेम्स

(C) सेवर्न (D) ट्वीड

On which river was the world's first iron bridge built ?

(A) Trent (B) Thames

(C) Severn (D) Tweed

40. स्टीम इंजन बनाने के लिये 'सोहो फाउंडरी' का निर्माण कब हुआ ?

(A) 1700 (B) 1750
(C) 1775 (D) 1800

When was the 'Soho Foundry' built to make steam engines ?

(A) 1700 (B) 1750
(C) 1775 (D) 1800

41. लिवरपूल और मैनचेस्टर को आपस में रेलमार्ग से कब जोड़ा गया ?

(A) 1800 (B) 1830
(C) 1840 (D) 1850

When were Liverpool and Manchester connected by rail ?

(A) 1800 (B) 1830
(C) 1840 (D) 1850

42. नहरोन्माद का काल क्या था ?

(A) 1700-1750 (B) 1750-1780
(C) 1788-1796 (D) 1800-1850

What was the period of Canal-mania ?

(A) 1700-1750 (B) 1750-1780
(C) 1788-1796 (D) 1800-1850

43. पीटर लू नरसंहार कब हुआ ?

(A) 1800 (B) 1819
(C) 1840 (D) 1850

When did the Peterloo Massacre happen ?

(A) 1800 (B) 1819
(C) 1840 (D) 1850

44. माइनर्स फ्रेंड भाप इंजन का आविष्कार किसने किया ?

(A) मैथ्यू बॉल्टन (B) जेम्स वाट
(C) थामस न्यूकॉमेन (D) थामस सेवरी

Who invented the steam engine Miner's Friend ?

(A) Mathew Boulton (B) James Watt
(C) Thomas Newcomen (D) Thomas Savery

45. उपन्यासकार डी०एच० लॉरेन्स का संबंध किस देश से है ?

(A) रूस (B) फ्रांस
(C) जर्मनी (D) ब्रिटेन

Novelist D. H. Lawrence belongs to which country ?

(A) Russia (B) France

(C) Germany (D) Britain

46. 'ऑन दि ओरिजिन ऑफ स्पीशीज़' किसकी रचना है ?

(A) चार्ल्स डार्विन (B) रॉबर्ट बैलार्ड

(C) कार्ल ब्लेगेन (D) हेनरी फ्रैंकफर्ट

Who wrote 'On the Origin of Species' ?

(A) Charles Darwin (B) Robert Ballard

(C) Carl Blegen (D) Henry Frankfurt

47. होमो सैपियंस के अस्तित्व के प्राचीनतम साक्ष्य कहाँ से मिले हैं ?

(A) एशिया (B) अमेरिका

(C) यूरोप (D) अफ्रीका

Where has the oldest evidence of the existence of Homo sapiens been found ?

(A) Asia (B) America

(C) Europe (D) Africa

48. पाषाण उपकरणों के निर्माण एवं उनके व्यवहार का प्राचीनतम साक्ष्य कहाँ से मिला है ?

(A) अमेरिका (B) यूरोप

(C) एशिया (D) अफ्रीका

Where has the oldest evidence of the making of stone tools and their use been found ?

(A) America (B) Europe

(C) Asia (D) Africa

49. आल्टामीरा गुफा चित्र कहाँ स्थित है ?

(A) इंग्लैण्ड (B) पुर्तगाल

(C) जर्मनी (D) स्पेन

Where are Altamira cave paintings located ?

(A) England (B) Portugal

(C) Germany (D) Spain

50. पाषाण युग को कितने चरणों में विभक्त किया गया है ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

The stone age has been divided into how many stages ?

(A) One (B) Two

(C) Three (D) Four

51. होमो हैबिलिस के द्वारा भाषा का विकास कब हुआ ?

(A) 5 लाख वर्ष पूर्व (B) 10 लाख वर्ष पूर्व

(C) 20 लाख वर्ष पूर्व (D) 30 लाख वर्ष पूर्व

When did Homo habilis develop language ?

(A) 500,000 years ago (B) 10,000,00 years ago

(C) 20,00,000 years ago (D) 30,000,00 years ago

52. मानव उत्पत्ति का विकासवादी सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया ?

(A) निर्मल कुमार बोस (B) सरत चन्द्र रॉय

(C) एम०एन० श्रीनिवास (D) चार्ल्स डार्विन

Who propounded the evolutionary theory of human origin ?

(A) Nirmal Kumar Bose (B) Sarat Chandra Roy

(C) M. N. Srinivas (D) Charles Darwin

53. प्राक्-इतिहास का ज्ञान हमें किससे मिलता है ?

(A) पुरातात्विक साक्ष्य (B) मानव विज्ञान

(C) भूगर्भशास्त्र (D) इनमें से सभी

From whom do we get the knowledge of prehistory ?

(A) Archaeological evidence (B) Anthropology

(C) Geology (D) All of these

54. धातु युग में सबसे पहले किसका उपयोग किया गया ?

(A) ताँबा (B) काँसा

(C) सोना (D) लोहा

What was used first in the Metal Age ?

(A) Copper (B) Bronze

(C) Gold (D) Iron

55. नोआ की कहानी किस धर्मग्रंथ में दी गई है ?

(A) बाइबिल (B) कुरान

(C) रामायण (D) गुरु ग्रंथ

The story of Noah is given in which religious book ?

(A) Bible (B) Quran

(C) Ramayan (D) Guru Granth

56. ओल्डुवई गोर्ज कहाँ है ?

(A) मोरक्को (B) सूडान

(C) तंज़ानिया (D) इथियपिया

Where is Olduvai Gorge ?

(A) Morocco (B) Sudan

(C) Tanzania (D) Ethiopia

57. होमो हैबिलिस के जीवाश्म कहाँ पाये गए हैं ?

(A) ओमो (B) मेरो

(C) लातोली (D) नोक

Where have the fossils of Homo habilis been found ?

(A) Omo (B) Meroë

(C) Laetoli (D) Nok

58. शहरी जीवन का प्रारंभ सबसे पहले कहाँ हुआ ?

(A) मोरक्को (B) यूनान

(C) मेसोपोटामिया (D) स्पेन

Where did urban life first begin ?

(A) Morocco (B) Greece

(C) Mesopotamia (D) Spain

59. सिकंदर किस देश का शासक था ?

(A) यूनान (B) फ्रांस

(C) जर्मनी (D) ब्रिटेन

Alexander was the ruler of which country ?

(A) Greece (B) France

(C) Germany (D) Britain

60. बाइबिल के प्रथम भाग 'ओल्ड टेस्टामेंट' में किसका उल्लेख मिलता है ?

(A) स्पेन (B) मेसोपोटामिया

(C) यूनान (D) मोरक्को

Which is mentioned in the first part of the Bible, 'Old Testament' ?

(A) Spain (B) Mesopotamia

(C) Greece (D) Morocco

61. किस असीरियाई शासक ने अपनी राजधानी में पुस्तकालय की स्थापना की ?

(A) असुरबनिपाल (B) सारगोन प्रथम

(C) सेनाचेरिब (D) अशुर उबालित

Which Assyrian ruler established a library in his capital?

(A) Ashurbanipal (B) Sargon I

(C) Senacherib (D) Ashur-Uballit

62. यूरोप में आधुनिक युग का आगमन किस घटना से माना जाता है ?

(A) पुनर्जागरण (B) सामंतवाद का उदय

(C) धर्मयुद्ध (D) औद्योगिक क्रांति

Which event is considered to be the arrival of the modern era in Europe ?

(A) Renaissance (B) Rise of Feudalism

(C) Crusade (D) Industrial Revolution

63. हेनरी अष्टम का संबंध किस देश से है ?

(A) स्पेन (B) फ्रांस

(C) जर्मनी (D) इंग्लैण्ड

Henry VIII is related to which country ?

(A) Spain (B) France

(C) Germany (D) England

64. पुनर्जागरण पहले कहाँ आरंभ हुआ ?

(A) इटली (B) जर्मनी

(C) फ्रांस (D) इंग्लैण्ड

Where did the Renaissance first begin ?

(A) Italy (B) Germany

(C) France (D) England

65. चर्च और पोप की आलोचना करने के कारण किस धर्म सुधारक को जिंदा जला दिया गया ?

(A) जार्ज (B) जॉन हस

(C) जेरेमी डेविस (D) पेट्रिक

Which religious reformer was burnt alive for criticizing the Church and the Pope ?

(A) George (B) John Huss

(C) Jeremy Davis (D) Patrick

66. कुस्तुनतुनिया पर उस्मानी तुर्कियों ने किस वर्ष अधिकार किया ?

(A) 1250 (B) 1350

(C) 1453 (D) 1550

In which year did the Ottoman Turks capture Constantinople ?

(A) 1250 (B) 1350

(C) 1453 (D) 1550

67. 'दि सिविलाइजेशन ऑफ दि रेनेसाँ इन इटली' की रचना किसने की ?

(A) जैकब बर्कहार्ट (B) माइकल एन्जिलो

(C) राफेल (D) दोनातेलो

Who composed 'The Civilization of the Renaissance in Italy' ?

(A) Jacob Burkhardt (B) Michelangelo

(C) Raphael (D) Donatello

68. हेनरी द नेवीगेटर किस देश का शासक था ?

(A) फ्रांस (B) जर्मनी

(C) पुर्तगाल (D) ब्रिटेन

Henry the Navigator was ruler of which country ?

(A) France (B) Germany

(C) Portugal (D) Britain

69. अमेरिका की खोज किसने की ?

(A) वास्को डि गामा (B) क्रिस्टोफर कोलंबस

(C) मैगेलन (D) जॉन कैबोट

Who discovered America ?

(A) Vasco da Gama (B) Christopher Columbus

(C) Magellan (D) John Cabbot

70. कागज का आविष्कार कहाँ हुआ ?

(A) जापान (B) भारत

(C) चीन (D) ब्रिटेन

Where was paper invented ?

(A) Japan (B) India

(C) China (D) Britain

71. पेट्रार्क कौन था ?

(A) कवि (B) चिकित्सक

(C) वैज्ञानिक (D) अधिवक्ता

Who was Petrarch ?

(A) Poet (B) Doctor

(C) Scientist (D) Advocate

72. विख्यात मानवतावादी पिको देला मीरंदोला का संबंध कहाँ से था ?

(A) फ्लोरेंस (B) पेरिस

(C) लंदन (D) बर्लिन

Where was the famous humanitarian Pico della Mirandola related to ?

(A) Florence (B) Paris
(C) London (D) Berlin

73. द लास्ट सपर और मोनालिसा किसकी अनुपम कृति है ?

(A) माइकल एन्जिलो (B) राफेल
(C) लियोनार्डो द विंची (D) गियट्टो

Whose unique work are The Last Supper and Monalisa ?

(A) Michelangelo (B) Raphael
(C) Leonardo da Vinci (D) Giotto

74. कोपरनिकस का संबंध कहाँ से था ?

(A) जर्मनी (B) पोलैंड
(C) रूस (D) ब्रिटेन

Where did Copernicus belong to ?

(A) Germany (B) Poland
(C) Russia (D) Britain

75. गैलिलियो कौन था ?

(A) खगोलशास्त्री (B) उत्खननकर्ता
(C) चिकित्सक (D) कवि

Who was Galileo ?

(A) Astronomer (B) Excavator
(C) Doctor (D) Poet

76. दूरबीन का आविष्कार किसने किया ?

(A) गुटेनबर्ग (B) गैलिलियो
(C) केपलर (D) राफेल

Who invented the Telescope ?

(A) Gutenberg (B) Galileo
(C) Kepler (D) Raphael

77. गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया ?

(A) कोपरनिकस (B) गैलिलियो
(C) न्यूटन (D) विलियम हार्वे

Who propounded the theory of gravity ?

(A) Copernicus (B) Galileo
(C) Newton (D) William Harvey

78. 'दि डिवाइन कॉमेडी' किसकी रचना है ?

(A) दाँते (B) लिवि

(C) मैकियावेली (D) जेफरी चॉसर

Who composed 'The Divine Comedy' ?

(A) Dante (B) Livy

(C) Machiavelli (D) Geoffrey Chaucer

79. किस पुस्तक में चर्च में व्याप्त कुरीतियों की कटु आलोचना की गई है ?

(A) दि डिवाइन कामेडी (B) कैंटरबरी टेल्स

(C) इन दि प्रेज ऑफ फॉली (D) इनमें से सभी

In which book have the evils prevalent in the Church been severely criticized ?

(A) The Divine Comedy (B) Canterbury Tales

(C) In the Praise of Folly (D) All of these

80. जॉन विकलिफ का संबंध किस देश से था ?

(A) जर्मनी (B) फ्रांस

(C) यूनान (D) इंग्लैण्ड

John Wycliffe was associated with which country ?

(A) Germany (B) France

(C) Greece (D) England

81. प्रोटेस्टेंट आंदोलन का जनक कौन था ?

(A) जॉन हस (B) मार्टिन लूथर

(C) केलविन (D) ज्विंगली

Who was the father of the Protestant movement ?

(A) John Huss (B) Martin Luther

(C) Calvin (D) Zwingli

82. पोप ने किसे धर्मरक्षक की उपाधि प्रदान की ?

(A) हेनरी अष्टम (B) जार्ज पंचम

(C) लुई चौदहवाँ (D) लुई सोलहवाँ

To whom did the Pope confer the title of Defender of the Religion ?

(A) Henry VIII (B) Georg V

(C) Louis XIV (D) Louis XVI

83. सोसायटी ऑफ जीसस की स्थापना किसने की ?

(A) मार्टिन लूथर (B) केलविन

(C) जॉन हस (D) इगनाशिअस लोयोला

Who founded the Society of Jesus ?

(A) Martin Luther (B) Calvin

(C) John Huss (D) Ignatius Loyola

84. इंग्लैण्ड में आँग्ल चर्च की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(A) 1516 (B) 1522

(C) 1550 (D) 1559

In which year was Anglican Church established in England ?

(A) 1516 (B) 1522

(C) 1550 (D) 1559

85. किसके द्वारा ग्रेगोरियन कैलेण्डर का प्रचलन हुआ ?

(A) हिलारियस (B) सेलेस्टाइन

(C) केनन (D) पोप ग्रेगरी XIII

Who introduced the Gregorian calendar ?

(A) Hilarius (B) Celestine

(C) Kenan (D) Pope Gregory XIII

86. 'अकादमी ऑफ साइंसेज़' की स्थापना कहाँ हुई ?

(A) लंदन (B) पेरिस

(C) न्यूयार्क (D) डबलिन

Where was the 'Academy of Sciences' established ?

(A) London (B) Paris

(C) New York (D) Dublin

87. 1506 में अंग्रेजी भाषा में बाइबिल का अनुवाद किसने किया ?

(A) विलियम टिंडेल (B) टॉमस मोर

(C) इरेस्मस (D) कसान्द्रा फेदेले

Who translated the Bible into English language in 1506 ?

(A) William Tyndale (B) Thomas More

(C) Erasmus (D) Cassandra Fedele

88. इंका संस्कृति किस क्षेत्र में फली-फूली ?

(A) ब्राज़ील (B) मेक्सिको

(C) पेरू (D) चीन

Inca culture flourished in which region ?

(A) Brazil (B) Mexico

(C) Peru (D) China

89. टेनोक्टिटलान किस साम्राज्य की राजधानी थी ?

(A) इंका (B) माया

(C) अरावाक (D) एज़टेक

Tenochtitlan was the capital of which empire ?

(A) Inca (B) Maya

(C) Arawak (D) Aztec

90. माया लोगों का मुख्य कृषि उत्पाद क्या था ?

(A) चना (B) आलू

(C) मक्का (D) गन्ना

What was the main agricultural product of the Maya people ?

(A) Chick pea (B) Potato

(C) Maize (D) Sugarcane

91. चिनाम्पा का संबंध किससे है ?

(A) माया (B) एज़टेक

(C) अरावाक (D) इंका

Chinampa is related to whom ?

(A) Maya (B) Aztec

(C) Arawak (D) Inca

92. पहाड़ी इलाकों में सीढ़ीदार खेत किसने बनाया ?

(A) इंका (B) माया

(C) एज़टेक (D) अरावाक

Who created terraced fields in hilly areas ?

(A) Inca (B) Maya

(C) Aztec (D) Arawak

93. अमेरिका में यूरोपियनों का आगमन कब हुआ ?

(A) 15वीं सदी (B) 16वीं सदी

(C) 17वीं सदी (D) 18वीं सदी

When did Europeans arrive in America ?

(A) 15th Century (B) 16th Century

(C) 17th Century (D) 18th Century

94. ब्रिटेन ने उत्तरी अमेरिका में कितने उपनिवेश स्थापित किये ?

(A) 10 (B) 11

(C) 12 (D) 13

How many colonies did Britain establish in North America ?

(A) 10 (B) 11

(C) 12 (D) 13

95. सप्तवर्षीय युद्ध किन दो देशों के बीच हुआ ?

(A) इंग्लैण्ड और फ्रांस (B) इंग्लैण्ड और जर्मनी

(C) फ्रांस और जर्मनी (D) रूस और फ्रांस

The Seven Years War took place between which two countries ?

(A) England and France

(B) England and Germany

(C) France and Germany

(D) Russia and France

96. किसने न्यूजीलैंड की खोज की ?

(A) कोलम्बस (B) जॉन कैबोट

(C) कैप्टन कुक (D) मैगेलन

Who discovered New Zealand ?

(A) Columbus (B) John Cabot

(C) Captain Cook (D) Magellan

97. अमेरिकी गृहयुद्ध कब हुआ ?

(A) 1800-1820 (B) 1825-1850

(C) 1861-1865 (D) 1870-1875

When did the American Civil War take place ?

(A) 1800-1820 (B) 1825-1850

(C) 1861-1865 (D) 1870-1875

98. जापान आनेवाले पहले यूरोपियन कौन थे ?

(A) रूसी (B) डच

(C) पुर्तगाली (D) अंग्रेज

Who were the first Europeans to come to Japan ?

(A) Russian (B) Dutch

(C) Portuguese (D) British

99. प्रथम अफीम युद्ध किस संधि द्वारा समाप्त हुआ ?

(A) पिकिंग की संधि (B) चीनी-जापानी संधि

(C) पेरिस की संधि (D) नानकिंग की संधि

By Which treaty did the First Opium War end ?

(A) Treaty of Peking (B) Sino-Japanese Treaty

(C) Treaty of Paris (D) Treaty of Nanking

100. चीनी गणराज्य की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(A) 1935 (B) 1940

(C) 1949 (D) 1951

In which year was the Republic of China established ?

(A) 1935 (B) 1940

(C) 1949 (D) 1951

खण्ड - ब / SECTION - B

लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है । अधिकतम 50 शब्दों में प्रत्येक का उत्तर दें । **15 × 2 = 30**

Question Nos. 1 to 30 are Short Answer Type Questions. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. Answer in not more than 50 words each. *15 × 2 = 30*

1. सामंतवाद से आप क्या समझते हैं ? 2
   What do you understand by feudalism ? 2
2. होमेज प्रथा क्या थी ? 2
   What was the homage system ? 2
3. चर्च की आय के मुख्य स्रोत क्या थे ? 2
   What was the main source of income of the Church's ? 2
4. नाइट्स कौन थे ? 2
   Who were the Knights ? 2
5. कुरिलताई से आप क्या समझते हैं ? 2
   What do you understand by Quriltai ? 2
6. मार्को पोलो कौन था ? वह किसके दरबार में चीन में गया ? 2
   Who was Marco Polo ? Whose court did he visit in China ? 2
7. यायावर जातियों पर बौद्ध धर्म के दो प्रभावों का उल्लेख करें । 2
   Mention two effects of Buddhism on the nomadic tribes. 2
8. खानाबदोश किसे कहते हैं ? 2
   Who are called nomads ? 2
9. यास के दो महत्व का वर्णन करें । 2
   Describe two importances of Yasa. 2
10. चार्ल्स डार्विन कौन थे ? उनकी पुस्तक का नाम क्या है ? 2
    Who was Charles Darwin ? What is the name of his book ? 2
11. प्यूनिक युद्ध का क्या कारण था ? 2
    What was the reason for the Punic war ? 2
12. अमेरिका के मूल निवासियों के प्रति रूसो के विचार क्या थे ? 2
    What were Rousseau's views towards the native inhabitants of America ? 2
13. 'सोने के लिये होड़' से आप क्या समझते हैं ? 2
    What do you understand by 'gold rush' ? 2

14. शोगुन कौन थे ? 2
Who was Shogun ?

15. बॉक्सर विद्रोह क्यों हुआ ? 2
Why did the Boxer Rebellion take place ?

16. सन यात सेन कौन थे ? 2
Who was Sun Yat-Sen ?

17. प्राक्-इतिहास से आप क्या समझते हैं ? 2
What do you understand by prehistory ?

18. होमिनिड की दो विशेषताएँ लिखें । 2
Write two characteristics of Hominid.

19. सुमेरी सभ्यता के दो नगरों के नाम लिखें । 2
Write the names of two cities of Sumerian civilization.

20. अरस्तू कौन था ? 2
Who was Aristotle ?

21. सुमेरी सभ्यता में सामाजिक वर्गीकरण क्या था ? 2
What was the social classification in the Sumerian civilization ?

22. असुरबनिपाल कौन था ? 2
Who was Ashurbanipal ?

23. सुमेरी लोगों के प्रमुख देवता कौन थे ? 2
Who were the main deities of the Sumerian people ?

24. रोम के नगरों की दो विशेषताएँ लिखें । 2
Write two characteristics of Roman cities.

25. जुलियस सीजर कौन था ? 2
Who was Julius Caesar ?

26. पुनर्जागरण से आप क्या समझते हैं ? 2
What do you understand by Renaissance ?

27. मानवतावाद से आप क्या समझते हैं ? 2
What do you understand by humanism ?

28. मार्टिन लूथर कौन था ? 2
Who was Martin Luther ?

29. सूती वस्त्र उद्योग में दो महत्वपूर्ण आविष्कार का उल्लेख करें । 2
Mention two important inventions in cotton textile industry.

30. लुडिज्म आंदोलन क्या था ? 2
What was Luddism movement ?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है । 100 - 120 शब्दों में प्रत्येक का उत्तर दें । **4 × 5 = 20**

Question Nos. 31 to 38 are Long Answer Type Questions. Answer any 4 questions. Each question carries 5 marks. Answer in not more than 100 - 120 words each. *4 × 5 = 20*

31. मेसोपोटामिया सभ्यता में लेखन कला के विकास का वर्णन करें । 5

Describe the development of the art of writing in Mesopotamian civilization.

32. सामंतवाद के पतन के कारणों की विवेचना करें । 5

Discuss the causes for the decline of feudalism.

33. 11वीं सदी में नगरों के उदय के कारणों की व्याख्या करें । 5

Explain the causes for the rise of cities in the 11th century.

34. चंगेज़ खान के नेतृत्व में मंगोलों के विजय अभियान का वर्णन करें । 5

Describe the conquests of the Mongols under the leadership of Ghenghis Khan.

35. रोमन साम्राज्य के पतन के कारणों का विश्लेषण करें । 5

Analyse the causes for the decline of the Roman Empire.

36. विश्व विजेता के रूप में सिकन्दर की उपलब्धियों का मूल्यांकन करें । 5

Evaluate the achievements of Alexander as a world conqueror.

37. औद्योगिक क्रांति ने नगरों के स्वरूप में क्या परिवर्तन किया ? 5

What changes were made by the Industrial Revolution in the nature of cities ?

38. यूरोपियनों द्वारा अमेरिका के औपनिवेशीकरण के कारणों की विवेचना करें । 5

Discuss the causes of colonization of America by Europeans.

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers